हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री


4
मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग





CRASH COURSE
NEET / IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
NURSING PHARMACY
ICAR CUET PET PAT PPT NDA
1st BATCH - 23-03-2024
2nd BATCH - 27-03-2024
THE BEST COACHING INSTITUTE FOR JEE / NEET IN KORBA
DROPPER BATCH
NEET / IIT-JEE
CLASSES START 13th MAY
SCHOOL + COACHING
6th 7th 8th 9th 10th 11th 12th with NEET/IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
IQRA CLASSES, (A UNIT OF PCM CLASSES) NEAR NIHARIKA TALKIES, KORBA
8962373124,7000684821,9827109471


## खबर संक्षेप

### तार मिस्त्री परीक्षा हेतु 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2024 के माह जुलाई में आयोजित की जाएगी। संभागीय अनुज्ञापन समिति विद्युत के सचिव ने पत्र जारी कर बताया कि रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आवेदनकर्ता परीक्षा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि. सु.) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ़ शासन रायगढ़, दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र डाक द्वारा या सीधे कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेंगे।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आवेदन 18 तक

**बलरामपुर।** प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 18 मार्च से तथा अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के लिए 19 से 26 अप्रैल को रात्रि 12 बजे तक समय घोषित किया गया है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 मई को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### होली के दिन पुलिस ने बाइकर्स पर की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** होली पर्व के दौरान शहर में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा नाबालिक वाहन चालक, शराब पीकर वाहन चलाने, तीन सवारी व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल द्वारा होली पर्व के दौरान दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ ही हुड़दंगियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर होली के दौरान जिलेभर में मोटर व्हीकल के तहत नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, तीन सवारी वाहन चलाने एवं मोबाइल का उपयोग कर वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। वहीं होली में बाइक पर हुड़दंग करने वालों पर सख्ती से बरती गई। इस दौरान थाना कोतवाली में 103 प्रकरण, यातायात थाना में 31 प्रकरण, थाना गांधीनगर में 22 प्रकरण, चौकी रघुनाथपुर में 18 प्रकरण, थाना सीतापुर में 10 प्रकरण, थाना बतौली में 9 प्रकरण, थाना मणीपुर में 8 प्रकरण, थाना उदयपुर में 7 प्रकरण, थाना दरिमा और लुण्ड्रा में 5-5 प्रकरण एवं थाना धौरपुर में 1 प्रकरण में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जब्त कर कार्रवाई की गई।

### 100 रुपए मांगने पर युवक ने किया महिला पर टांगी से हमला

**अंबिकापुर।** उधर में दिए गए 100 रुपए मांगने गई महिला पर युवक ने महिला के साथ ही पत्नी व भाई पर टांगी से हमला कर दिया। इस घटना में महिला को गंभीर चोट आई है। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## समस्या निदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बनाई गई कार्ययोजना

# यातायात समस्या का निराकरण करने सड़क पर निकले एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- ब्लैक स्पॉट व जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हांकित किया गया
- दुकान के बाहर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों को दी गई समझाइश
- यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी



स्थल निरीक्षण करते एसपी व अन्य अधिकारी।

शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट, जाम लगने वाले जगहों का स्वयं पैदल घूमकर बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को चार दिनों के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था में बाधा पहुंचा रहे बैनर होर्डिंग्स को हटाने,सडक पर सामान रखकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सामान हटाने के निर्देश दिये गये। ताकि दुर्घटना से बचा जा सके एवं आवागमन सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान शहर के भीतर बैंक के पास यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे चारपहिया वाहन के चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए दो हजार रूपए का चालान काटा गया। साथ ही रोड में दोपहिया वाहन में बिना नंबर एवं तीन सवारी चल रहे कुल 07 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर उपस्थित बैंक के अधिकारियों एवं अन्य दुकानदारों को निजी पार्किंग की व्यवस्था करने हेतु समझाईस दी गई। इस दौरान नागरिकों ने भी जिला प्रशासन का साथ दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित नागरिकों को यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की बात कही गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीएम पत्थलगांव सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी, एसडीओपी पत्थलगांव श्री ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु एसडीओपी श्री भानुप्रताप चंद्राकर, तहसीलदार श्रीमती उमा सिंह, नगर पंचायत सीएमओ मो. जावेद, स.उ.नि. जोसिक राम कुर्रे इत्यादि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि यातायात संबंधी समस्या का चिन्हांकन करते हुए आगामी दिनों में व्यापारी संघ की बैठक लेकर समस्या का निराकरण किया जायेगा। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।



रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर दिया संदेश
- शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया गया जागरूक

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, कुनकुरी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन के साथ बच्चों जागरूकता का सन्देश दिया । वही जिले के कुनकुरी में बिहान समूह (दुलदुला ब्लॉक) की महिला मतदाताओं द्वारा मेहंदी लगा कर समस्त मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। समूह की दीदीयों द्वारा चुनाव की मेहंदी कार्यक्रम के तहत अपने हाथों में मतदान संबंधी कई स्लोगन लिखकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों, महिलाओं ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 07 मई को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता रैली एवं मेहंदी कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं और में महिलाओं काफी उत्साह दिखाई दिया।



## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने किया जिले की सीमाओं का निरीक्षण



**पत्थलगांव ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा सरगुजा बॉर्डर व रायगढ़ जिला बॉर्डर का किया निरीक्षण जशपुर पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरगुजा बॉर्डर के सुखरापारा एवं रायगढ़ जिले का बॉर्डर किलकिला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जशपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है। सभी तरह के अपराध से जुड़े लोगों पे नजर रखने वारंटियों के धरपकड़ करने कहा जशपूर जिले के बॉर्डर एरिया में आने वाले दिनों में प्रशासन बेरियर लगाएगी जहां से आने जाने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी ।

## रिश्तेदार की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रामानुजनगर।** रिश्तेदार को घर में भोजन पर बुलाकर टांगी से हत्या करने के बाद फरार आरोपी का पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना कारित टांगा जब्त किया है। ग्राम दुर्गापुर निवासी भगमनिया ने रामानुजनगर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि होली के त्यौहार में पड़ोसी रिश्तेदार जगलाल सिंह के बुलावे पर शाम को पति मोतीलाल के साथ गए थे। जगलाल व उसके परिजन खा पी रहे थे। इस बीच भगमनिया घर आ गई जबकि पति रिश्तेदार के घर में ही था। इधर पुत्र पिता को बुलाने गया तो उसके होश उड़ गए। पिता लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। घटना की जानकारी लगते ही पत्नी घर गई तो जगलाल की पत्नी ने बताई कि मामा-भांजा किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे और जगलाल घर से टांगा निकाल कर मोतीलाल गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी जगलाल सिंह आ. स्व. अतिबल (58 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध नशीली वस्तु गांजा व शराब एवं नशीली दवाएं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित जारी किया गया है। इस आदेश के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनोद मण्डावी के नेतृत्व में थाना तपकरा से एक विशेष टीम बनाकर अवैध नशीली वस्तुओं की पतासाजी कर कार्रवाई के लिए लगाया गया है। पतासाजी के दौरान पुलिस टीम को गुरूवार को सूचना मिली कि ग्राम पुराइनबन्ध का घूरन साय अपने घर में भारी मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब को रखा है। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर जाकर रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमती 1500 रूपए का मिलने पर जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से आरोपी घूरन साय उम्र 44 वर्ष निवासी पुराइनबन्ध थाना तपकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक सुनील सिंह, स.उ.नि. अनिल सिंह कामरे, स.उ.नि. प्रेमिका कुजूर, आरक्षक शिवशंकर राम, सन्तूराम की भूमिका रही।

## स्वीप एक्टिविटी के तहत बिहान की महिलाओं ने निकाली रैली

- एनआरएलएम की महिलाओं ने मतदान करने की ली शपथ



रैली में शामिल बिहान स्व सहायता समूह की महिलाएं।

**जशपुरनगर।** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं के लिए आकर्षक संदेश दिया गया।

मतदाता जागरूकता के तहत शक्ति संकुल सिमड़ा की बिहान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकली और हम महिलाओं ने ठाना है शत प्रतिशत मतदान करना है जैसे नारो से मतदान करने का संदेश दिया।

इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत दीक्षा कलस्टर संगठन मनोरा में एसडीएम श्री प्रशांत कुशवाहा की उपस्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी कैडर एवं समूह की महिलाओं को सामूहिक शपथ दिलाई गई एवं सभी को अपने गांवों में मतदान करने हेतु जागरूक किया।

# टार्च जलाकर भाग रहे ग्रामीण को दंतैल ने कुचलकर मारा, पति-पत्नी ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथियों से ग्रामीणों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने के कारण वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम लोधीडांड में बीती रात एक ग्रामीण का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने ग्रामीण को अपने सुंड में लपेटकर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ वन अधिकारियों ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया तथा 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की। वनपरिक्षेत्र राजपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में 4 दंतैल अकेले घूम रहे हैं। वन अमला एवं हाथी मित्रदल के सदस्य लगातार हाथियों की निगरानी करने के साथ ही आसपास के लोगों को भी हाथियों की मौजूदगी से अवगत करा ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। मंगलवार की शाम एक दंतैलग्राम नरसिंहपुर में मौजूद था। इधर दंतैल की मौजूदगी से अनजान ग्राम मरकाडांड निवासी रामसुरित आ.फूलचंद (65वर्ष) पैदल महान नदी पार कर देर शाम अपने साढ़ू कमल के घर पहुंचा था। देर रात रामसूरित अपने साढ़ू कमल एवं उसकी पत्नी गलपतिया के साथ गांव से 3 किमी दूर महान नदी के किनारे सूनसान घर में खा-पी रहे थे। इस दौरान पास के खेत में बनी झोपड़ी को दंतैल तोड़ रहा था। हाथी का शोर सुनकर घर में मौजूद तीनों सदस्य बाहर निकले तथा हाथी मित्र दल के सदस्यों द्वारा शोर मचाने पर टार्च जलाकर भागने लगे। ग्रामीण हड़बड़ी में दंतैल के निकट पहुंच गए। सामने दंतैल को खड़ा देख ग्रामीण दूसरी ओर भागते इसके पूर्व ही दंतैल ने रामसुरित को अपने सुंड में लपेट लिया तथा पटककर कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अन्य दो ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सुबह वन अमले ने मृतक का पीएम कराने के उपरांत वरिष्ठ वन अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



घटना स्थल का निरीक्षण करते वन अधिकारी।

### आबादी से 3 किमी दूर है घर

वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू ने बताया कि ग्राम नरसिंह में पुश्तैनी घर होने के बावजूद कमल ने आबादी से 3 किमी दूर महान नदी के किनारे अपना घर बनाया है तथा खेत की रखवाली करने के उद्देश्य से अक्सर इसी घर में पत्नी के साथ रहता है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए उसे कई बार रात में नहीं रूकने की सलाह दी गई लेकिन हमेशा वह अनसूनी करता रहा। वनकर्मियों ने गांव के सरपंच से भी उसकी शिकायत की लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। मंगलवार को भी वनकर्मी रामसूरित को नदी पार करने से रोक रहे थे लेकिन वह नहीं माना। रात्रि 10.30 बजे पास में ही दंतैल के मौजूद होने की सूचना पर तीनों सदस्य टार्च जलाकर दंतैल की ओर भागने लगे।

**पहुंचे सीएफ एवं डीएफओः** हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत होने की सूचना पर बुधवार की सुबह वाइल्ड लाइफ सीएफ केआर बढ़ई एवं बलरामपुर वनमण्डलाधिकारी विवेकानंद झा अन्य वन अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने वन अमला को हाथियों की मौजूदगी की सूचना प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लाउडस्पीकर के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण एक-दूसरे को भी स्थिति से अवगत करा सकें साथ ही स्वयं भी सावधानी बरत सकें।

28- March -Jash- Bhoomi pg2_Layout 1 3/28/2024 7:56 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बढ़ती टॉक्सिसिटी से परेशान डोजा कैट ने इंस्टाग्राम को कहा अलविदा



अमेरिकी रैपर और गायिका डोजा कैट के फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। डोजा ने शनिवार को घोषणा की कि वह इंस्टग्राम छोड़ रही हैं। गायिका ने बताया कि उनके साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया है, उसके कारण वह मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म से ब्रेक ले रही हैं। कथित तौर पर डोजा का इन दिनों नेटिजन्स के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता चल रहा है और ऐसा लगता है कि गायिका ने इसी कारण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को छोड़ने का मन बना लिया है। 'से सो' गायिका ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अब हटाए गए पोस्ट में लिखा, 'अरे, मैं निष्क्रिय होने जा रही हूं क्योंकि मैं अब और इसका हिस्सा नहीं रहना चाहती।' बढ़ती टॉक्सिसिटी का हवाला देते हुए, उन्होंने आगे कहा, 'जिस तरह से यहां मुझसे बात की जाती है और व्यवहार किया जाता है, उससे मेरे मन में गंदे विचार आते हैं। कृपया देखें कि आप इंटरनेट पर लोगों से कैसे बात करते हैं और उनके बारे में कैसे बात करते हैं।' अकाउंट निष्क्रिय करने से पहले, ग्रैमी विजेता गायिका ने कहा कि रचनात्मकता से प्रेरित होने के लिए मंच पर आती हैं, लेकिन चीजें शायद संभालने के लिए बहुत अधिक होती जा रही हैं। उन्होंने जोड़ा, 'आप लोग अपना ख्याल रखें। मुझे यहां आकर निरीक्षण करना और लोगों को रचनात्मक होते देखना पसंद है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि यह बहुत ज्यादा हो रहा है।'

### टॉलीवुड

## 'फैमिली स्टार' के ट्रेलर रिलीज की तारीख से उठा पर्दा



विजय देवरकोंडा बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के पोस्टर-टीजर ने फैंस का उत्साह बढ़ाया हुआ है। इसी बीच निर्माताओं ने इसके ट्रेलर रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। आइए फिल्म 'फैमिली स्टार' से जुड़े लेटेस्ट अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- 'फैमिली स्टार' का नाटकीय ट्रेलर फिल्म के बड़े स्क्रीन पर आने से एक सप्ताह पहले 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। टीम अब तक शूटिंग में व्यस्त है। हालांकि, प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है, इसलिए निर्माता अब पूरी तरह से प्रमोशन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। फिल्म का तीसरा एकल 'मधुरम' 25 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। रिपोर्ट्स की मानें तो गाने और ट्रेलर के अलावा, प्रचार बढ़ाने के लिए टीम के पास कई अन्य कार्यक्रम भी हैं। ब्लॉकबस्टर 'गीता गोविंदम' के बाद 'फैमिली स्टार' विजय देवरकोंडा और परशुराम की दूसरी फिल्म है। मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राष्ट्रीय क्रश रश्मिका मंदाना एक कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू और श्रीश द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत गोपी सुंदर द्वारा तैयार किया गया है। फिल्म 'फैमिली स्टार' पांच अप्रैल को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें विजय और मृणाल के अलावा दिव्यांश कौशिक, अजय घोष और कई अन्य कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### भोजपुरी

## भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी बनेंगे शेट्टी के शो का हिस्सा



भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक्टिंग और सिंगिंग से लाखों लोगों को दीवाना बनाने वाले खेसारी लाल यादव जल्द टीवी पर अपना कमबैक कर सकते हैं. वैसे तो रियलिटी शो से खेसारी लाल का कनेक्शन काफी पुराना है, इससे पहले सलमान के 'बिग बॉस' में उन्होंने शिरकत की थी और अब रोहित शेट्टी के शो में वो नजर आ सकते हैं. भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जल्द ही रोहित शेट्टी के रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आ सकते हैं. जी हां, खेसारी लाल को कलर्स टीवी की तरफ से 'खतरों..' के 14वें सीजन में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है और वो फिलहाल चैनल की तरफ से आए हुए इस ऑफर पर विचार कर रहे हैं. पांच साल पहले खेसारी लाल यादव सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' का हिस्सा बने थे. हालांकि विवादों से दूर रहने वाले ये भोजपुरी एक्टर बिग बॉस में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे. अपनी दमदार एक्टिंग और डायलॉग डिलीवरी के साथ खेसारी लाल यादव उनकी सिंगिंग के लिए भी जाने जाते हैं. उनके तमाम फैंस को खेसारीलाल के एक्शन सीन भी खूब पसंद आते हैं. यही वजह है कि उनके लिए 'खतरों के खिलाड़ी' एक सही शो हो सकता है. अगर ये भोजपुरी सुपरस्टार इस शो में शामिल होते हैं, तो ये उनके लिए एक बड़ा मौका होगा. इससे पहले एक्ट्रेस रानी चटर्जी को 'खतरों के खिलाड़ी' ऑफर हुआ था. हालांकि वो एक हफ्ते में ही शो से बाहर हो गईं थीं. टीवी9 हिंदी डिजिटल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मई 2024 में रोहित शेट्टी 'खतरों के खिलाड़ी' के सीजन 14 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं. ये शूटिंग लगभग 25 दिन तक चलेगी और फिनाले के अलावा पूरी शूटिंग इंडिया से बाहर बुल्गारिया में होने वाली है. बिग बॉस 18 से पहले तीन महीने रोहित शेट्टी के शो को कलर्स टीवी पर वीकेंड का प्राइम स्लॉट दिया जाएगा.। यानी जुलाई में 'खतरों के खिलाड़ी' का सीजन 14 टीवी पर ऑन एयर होगा। सिर्फ खेसारी लाल ही नहीं बल्कि टीवी और बॉलीवुड के कई मशहूर चेहरे इस एडवेंचर रियलिटी शो में शामिल होने वाले हैं.



## फ्यूचर जनरेशन

लाइफ

साल 2024 का सबसे बड़ा फैशन ट्रेंड न्यूयॉर्क, मिलान, पेरिस और लंदन फैशन वीक के दौरान स्प्रिंग/समर का जलवा रहेगा। पहले से ही चल रहा है। फैशन शो की तैयारी में रैम्प पर चलने की तैयारी में ड्रीस वैन नोटेन, अलेक्जेंडर मैक्वीन और माइकल कोर्स जैसे मॉडल। दर्शक इन मॉडल्स के परिधानों में भविष्य की झलक देखना पसंद करते हैं।

## अपने उलझे बालों को संवारे इन उपायों से



बालों का उलझना बहुत अधिक परेशान करने वाला होता है। कभी-कभी बाल इतने उलझ जाते हैं कि उन्हें सुलझाना काफी मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी तो यह इतना फ्रस्टेटिंग होता है कि हम अपने बालों में जोर से कंघी करते हैं, जिससे ना केवल बाल खिंचते हैं, बल्कि टूटने भी लग जाते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि इस तरह बाल अक्सर सुबह के समय उलझे हुए होते हैं। जब आप सोकर उठते हैं तो बाल काफी बिखरे व उलझे हुए होते हैं।

### तकिए के कवर को बदलना

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन इससे आपको अपने बालों की उलझन को काफी हद तक दूर करने में मदद मिलेगी। अगर आप अब तक कॉटन के पिलोकवर का इस्तेमाल करती आई हैं तो उसे सिल्क से बदल लें। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि कॉटन व अन्य मैटीरियल से बने तकिए के कवर फ्रिक्शन पैदा करते हैं, जिससे बालों से आवश्यक नेचुरल ऑयल भी छिन जाता है। ऐसे में बाल काफी रूखे हो जाते हैं और उलझने लगते हैं। वहीं, रेशम के पिलोकवर की मदद से इस समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है।

### लीव-इन कंडीशनर का इस्तेमाल

अगर आपको हर सुबह उलझे हुए बालों की समस्या के साथ जागना पड़ता है तो अब आप लीव इन कंडीशनर को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। कोशिश करें कि आप रात को सोने से पहले बालों में लीव इन कंडीशनर अप्लाई करें। यह सोते समय आपके बालों को उलझने से बचाएगा, जिससे अगली सुबह आपके बाल अधिक मैनेजेबल होंगे।

### सही तरह से करें कॉम्ब

अक्सर बालों के उलझने की समस्या हमें इसलिए भी परेशान करती है, क्योंकि हम बालों को सही तरह से कॉम्ब नहीं करते हैं। अगर बालों को सही तरह से कॉम्ब किया जाता है, तो उन्हें सुलझाना काफी आसान हो जाता है। इसके लिए आप हमेशा चौड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमालकरें। इसके अलावा, बालों को आसानी से सुलझाने के लिए उसे छोटे-छोटे सेक्शन करके ही कॉम्ब करें। अगर आपके बाल बहुत अधिक उलझे हुए हैं तो पहले उंगली की मदद से बालों को सुलझाने का प्रयास करें।

### खुले ना हों बाल

कई बार हम इतने थके हुए होते हैं कि ऐसे ही खुले बालों में सो जाते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा करने से अगली सुबह बाल बहुत अधिक उलझे होते हैं। इसलिए हमेशा यह कोशिश करें कि आप अपने बालों को बांधकर ही सोएं। आप अपने बालों में लूज ब्रेड या बन बना सकती है।

यह छोटा सा स्टेप अगली सुबह आपका काफी सारा समय बचाएगा।

## साड़ी पहनना है तो अपनाइए रानी का अनूठा स्टाइल



फैशन





90 के दशक में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में देने वाली अभिनेत्री रानी मुखर्जी आज के समय में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक्ट्रेस ने कई अनगिनत फिल्मों में लीड रोल का किरदार निभाया है, जिसे लोग आज भी याद करते हैं और उन फिल्मों को रिपीट करके देखते हैं।

न सिर्फ फिल्में बल्कि अपनी खूबसूरती की वजह से रानी मुखर्जी आज भी लोगों के दिलों पर राज करती हैं। उनका हर अंदाज बेहद खूबसूरत होता है। खासतौर पर उनके साड़ी लुक लोगों को काफी पसंद आते हैं।

आपको एक्ट्रेस के कुछ ऐसे साड़ी लुक्स देखिए, जिनपर लोगों ने भी काफी प्यार लुटाया है। अगर आपको भी साड़ी पहनने का शौक है तो आप रानी मुखर्जी के इन साड़ी लुक्स से टिप्स लेकर तैयार हो सकती हैं।

**बंगाली लुकः** एक्ट्रेस जब भी कहीं दुर्गा पूजा में शामिल होती हैं, तो इसी तरह की पारंपरिक बंगाली स्टाइल की साड़ी पहनती हैं। इसमें वो बेहद ही खूबसूरत दिखती हैं। इसके साथ वो हमेशा पारंपरिक ज्वेलरी ही कैरी करती हैं।

**चटक लालः** हाल ही में अनंत अंबानी की प्री वेडिंग सेरेमनी में एक्ट्रेस ने ये चटक लाल रंग की साड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा था। भले ही ये साड़ी प्लेन थी, लेकिन इसका चार्म हैवी वर्क वाली साड़ियों से ज्यादा था।

**साड़ी में ग्लैम लुकः** एक्ट्रेस ने डीपनेक ब्लाउज पहनकर इस व्हाइट रंग की साड़ी में अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाया है। इसके साथ उन्होंने सीक्विन वर्क का ब्लैक ब्लाउज कैरी किया है, जो एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। शिफॉन की साड़ी हर उम्र की महिलाओं को पसंद आती है, क्योंकि इसमें वजन काफी कम होता है। ऐसे में जब एक्ट्रेस का ये साड़ी लुक सामने आया तो लोगों ने इसे काफी पसंद किया।

## अनारकली सूट में परफेक्ट फिटिंग चाहती हैं तो इन टिप्स को करें फॉलो




अनारकली सूट का ट्रेंड कभी खत्म नहीं होता है। हर कोई इसे पहनना पसंद करता है। आजकल इसमें पार्टी में पहनने के लिए भी अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। जिन्हें आप बाहर पहनकर जा सकती हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि आप इसके घेर और फिटिंग का ध्यान रखें।

**सही फेब्रिक को चूज करें :** सूट में अच्छी फिटिंग के लिए जरूरी है कि आप सही फेब्रिक को चूज करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे ही सूट का लुक अच्छा आएगा। साथ ही जब आप इसे दोबारा धोकर पहनेंगी तो वो ना ही सिकुडेगा और न ही उसका कलर फेड होगा। इसकी वजह से आप इसमें कितनी भी कलियां डलवा सकती हैं। जिससे ये हैवी लगेगा। इसके लिए आप प्लेन की जगह प्रिंटेड सूट को लें और उसे स्टाइल करें ताकि आप परफेक्ट लगें।

**पीछे लगाएं डोरीः** अगर आपको लग रहा है कि आपके सूट में फिटिंग अच्छी नहीं आ रही है तो ऐसे में आप उसी फेब्रिक की डोरी को पीछे की तरफ लगा सकती हैं। इससे फिटिंग काफी अच्छी आएगी और एक नए तरीके का डिजाइन सूट में क्रिएट हो जाएगा। आप चाहें तो इस डोरी में अलग तरह की लटकन को भी लगा सकती हैं ताकि वो हैवी लगे। **कट का रखें ध्यानः** अनारकली सूट का कट आपकी बॉडी के हिसाब से होना चाहिए। अगर आप पतली हैं, तो आप ए-लाइन या फिट-एंड-फ्लेयर कट चुन सकती हैं। यदि आप थोड़ी मोटी हैं तो आप एम्पायर कमर या ए-लाइन कट चुन सकती हैं। इससे भी आपके सूट की फिटिंग अच्छी आएगी और आप खूबसूरत लगेंगी।

## रमजान के महीने में चांद मेहंदी की ये डिजाइंस लगाएं और तारीफें पाएं



अगर आपको भी रमजान के महीने में हाथों पर मेहंदी लगानी है और इसके लिए आप डिजाइंस देख रही हैं, तो इस आर्टिकल में हम आपको कुछ चांद मेहंदी आर्ट के डिजाइंस देख सकती हैं।

12 मार्च से रमजान के पवित्र दिनों की शुरुआत हो चुकी है। रमजान के महीनों का इंतजार हम साल भर करते हैं। इन दिनों जहां मन धार्मिक भावनाओं से भरा हुआ होता है, वहीं दूसरी तरफ मन में ईद का उत्साह भी होता है। इस पावन महीने में जहां रोजे रखकर ईश्वर की इबादत की जाती है, वही शाम को इफ्तार का समय भी बहुत खास होता है। पूरा महीना ही त्योहार की तरह लगता है। इन दिनों हम नए आउटफिट्स के साथ ही अपने श्रृंगार पर भी काफी ध्यान देते हैं। कुछ नहीं तो हाथों में मेहंदी लगाने के लिए डिजाइंस की तलाश हम महिलाओं को हमेशा ही रहती है।

ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में खास रमजान के महीने में लगाई जाने वाली मेहंदी कुछ डिजाइंस दिखाएंगे। आपको बता दें कि चांद इस्लाम धर्म में बहुत ही पवित्र चिन्ह माना गया है। इसे मेहंदी में भी शामिल किया जा सकता है। तो चलिए रमजान के लिए कुछ खूबसूरत मेहंदी डिजाइंस देखते हैं।

### फूलों की बेल से चांद

अगर आप हाथों की बैक मेहंदी डिजाइंस तलाश रही हैं, तो एक बार आप ऊपर दिखाई गई तस्वीर पर नजर डालें। इस मेहंदी आर्ट में आप फूलों की बेल से चांद बना सकती हैं। इसके लिए आप छोटे और बड़े आकार के फूल बनाएं और उन्हें कर्व स्टाइल में पत्तियों, शाखाओं और लताओं की मदद से बढ़ाते जाएं। आपको इसमें चांद की कोई आउटलाइन नहीं बनानी होती है, बस बेल से मेहंदी को आगे बढ़ते जाना होता है। इसके अतिरिक्त मेहंदी को और भी ज्यादा खूबसूरत लुक देने के लिए आप चेन मेहंदी डिजाइंस या फिर डॉट मेहंदी को इसमें एड कर सकती हैं। अगर आप फ्रंट हैंड के लिए चांद मेहंदी डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको ऊपर दिखाई गई इस तस्वीर को देखना चाहिए। इस तस्वीर में आप कई तरह की चांद डिजाइंस देख सकती हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा हैवी मेहंदी डिजाइन हाथों पर नहीं लगानी है, तो आपको इस तस्वीर पर गौर फरमाना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### फ्लोरल शर्ट को इन अलग-अलग तरीकों से पहनें, दिखेंगे अट्रैक्टिव और स्टाइलिश

## स्टाइल के साथ अपनाएं फ्लोरल शर्ट

पुरुषों के लिए फ्लोरल शर्ट परफेक्ट हैं। खासकर कैजुअल लुक के लिए इससे अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। समर सीजन में टॉप वियर में इस स्टाइल की शर्ट को अपने वार्डरोब में शामिल करें। कई लोगों को लगता है कि फ्लोरल शर्ट को एक ही तरीके से पहन सकते हैं। जैसे- हमारे एक जान-पहचान वाले साथी ने कहा कि फ्लोरल शर्ट बस समुद्र तट पर घूमने फिरने के लिए सही है। हां, ये सच है कि ट्रिप के दौरान स्टाइलिश लोग फ्लोरल शर्ट पहनना पसंद करते हैं। मगर उनको ये पता ही नहीं कि फ्लोरल शर्ट को कहीं भी किसी ओकेजन पर पहनकर जा सकते हैं।अपने ऑफिस से लेकर पार्टी तक में ऐसे कैजुअल शर्ट को पहनना अच्छा रहता है।



### चिनोज और फ्लोरल शर्ट

चिनोज के साथ फ्लोरल शर्ट को पहना जा सकता है। इसके लिए एक बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन वाले चिनोज पैंट के साथ परफेक्ट फिटिंग वाली फ्लोरल शर्ट पहनें। इसको पहनने के बाद लुक में निखार आएगा।

### जींस और फ्लोरल प्रिंट शर्ट

जींस के साथ ही फ्लोरल प्रिंट वाली शर्ट को पहन सकते हैं। इस तरह की शर्ट में आपको मनचाहा लुक मिल सकता है। गर्मी के सीजन में जींस के साथ हाफ स्लीव फ्लोरल शर्ट को पहनें। अन्यथा फुलस्लीव वाली शर्ट की बांहों को भी मोड़कर पहन सकते हैं।

**कब पहनें :** इस तरह के लुक में ऑफिस जाया जा सकता है। इसके अलावा शॉपिंग या आउटिंग के दौरान ऐसे ड्रेसअप में जाएं।

### बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट

गर्मी के सीजन में कहीं घूमने-फिरने जा रहे हैं तो बरमूडा शॉर्ट्स और फ्लोरल शर्ट लेकर जाएं। समुद्र तट पर या द्वीप पर छुट्टियों के दौरान ऐसी ड्रेस में परफेक्ट लुक मिल सकता है।

**कब पहनेंः** इस तरह की ड्रेस को पहनकर घर पर रह सकते हैं। इसके अलावा आप ट्रिप पर ऐसी ड्रेस पहनकर जाएं। मगर ऑफिस के लिए ऐसे लुक को ट्राय करने से बचें।

### फ्लोरल शर्ट की लेयरिंग

गर्मी के दिनों में ड्रेस को कई तरीकों से पहन सकते हैं। समर सीजन में लेयरिंग करना कंफर्टेबल हो सकता है। इससे पसीना और तेज धूप से राहत मिल सकती है। ऐसे में आप फ्लोरल शर्ट के साथ लेयरिंग कर सकते हैं। फ्लोरल शर्ट और सॉलिड टीज की लेयरिंग परफेक्ट हो सकती है।

**कब पहनें :** फ्लोरल शर्ट की लेयरिंग कैजुअल लुक वालों के लिए सही है। ट्रिप या आउटिंग के दौरान ऐसे लुक में जा सकते हैं।

## क्या आपको भी गर्मी के मौसम में लगती है ठंड? इन बीमारियों का हो सकता है खतरा

क्या आपको भी गर्मियों के दिनों एसी या कूलर की ठंडी हवा बर्दाश्त नहीं होती है? क्या जरा सी ठंड का सामना करने पर आपकी तबीयत खराब पड़ जाती है? तो आपको इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है, क्योंकि असल में यह स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है।

बदलते मौसम और तापमान के अनुसार ठंड और गर्मी का अहसास होना सामान्य है, पर हर मौसम में शरीर का एक सामान्य तापमान बने रहना खतरे का संकेत हो सकता है। जैसे कि कुछ लोगों को गर्मी या सामान्य दिनों में भी ठंडक का अहसास होता है और जरा सी ठंडक का सामना करने पर ऐसे लोग बीमार पड़ जाते हैं। बता दें कि असल में यह सेहत संबंधी एक गंभीर समस्या है, जिसे मेडिकल टर्म में कोल्ड इनटॉलेरेंस के नाम से जानते हैं।

आमतौर पर देखा गया है कि इससे पीड़ित व्यक्ति को एसी और पंखे की हवा तक बर्दाश्त नहीं होती है और जरा सी ठंडक में इनकी तबीयत खराब हो जाती है।



# खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं शाहिद

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस साल की हिट हिंदी फिल्मों में से एक है। फिल्म की सक्सेस एन्जॉय कर रहे शाहिद इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'देवा' पर काम कर रहे हैं जो एक एक्शन एंटरटेनर है। करियर की शुरुआत से ही फैन्स के फेवरेट एक्टर्स में एक बन चुके शाहिद ने अब कहा है कि वो खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं। शाहिद ने इंडस्ट्री में पहले से काम कर रहे एक्टर का बेटा होने के फायदे-नुक्सान पर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले उनके पिता पहले से एक्टर थे लेकिन उन्हें इस बात का कोई फायदा नहीं मिला।

लाइफ Style



# अदिति राव हैदरी

## गुपचुप रचाई सिद्धार्थ से दूसरी शादी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ और बॉलीवुड में एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रही हैं। उनका नाम अक्सर साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ जुड़ता रहा है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी कभी रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की और ना ही कोई रिएक्शन दिया।

अब खबर सामने आ रही है कि इस रूमर्ड कपल ने गुपचुप शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति और सिद्धार्थ ने अपने ट्रेडिशनल रीति-रिवाज के साथ शादी की है। बताया जा रहा है कि रूमर्ड कपल की शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने जिस मंदिर में फेरे लिए हैं वो वानापर्थी में है। रिपोर्ट्स में इस जगह से एक्ट्रेस का खास कनेक्शन बताया जा रहा है। दरअसल, अदिति राव हैदरी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं।


अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के गुपचुप शादी रचाने के पीछे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों अपनी निजी जिंदगी को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद इसी वजह से उन्होंने सीक्रेट वेडिंग चुनी। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई हैं। बहरहाल, अगर सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी की बात की जाए तो रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि साल 2021 में तमिल-तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान इनके बीच नजदीकियां आई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 51 साल की उम्र में बनी मां

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। 'द मास्क' फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, 'एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...।'





# 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। हॉलीवुड के इस फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' की चौथी सीरीज के साथ 'बैड बॉयज: राइड और डाई' से ये विल स्मिथ स्क्रीन पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी फिल्म में दमदार जोड़ी है यानी एक बार फिर विल स्मिथ के साथ मार्टिन लॉरेंस भी नजर आ रहे हैं।



# राजनीति में करना चाहती हूं एंट्री

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी।



# तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे राम चरण

**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार राम चरण का 27 मार्च को 39वां बर्थडे था, और इस खास मौके पर वह तिरुपति मंदिर पहुंचे। राम चरण पत्नी उपासना और बेटी क्लिन कारा के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। राम चरण को तिरुपति में देख फैंस और मीडिया ने चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह थोड़ा परेशान भी नजर आए। राम चरण ने तिरुपति मंदिर जाते हुए शर्ट और वेस्टी पहनी हुई थी, जबकि पत्नी उपासना ने साड़ी पहनी थी। उन्होंने बेटी क्लिन का चेहरा साड़ी के पल्लू से छुपा रखा था। तिरुपति बालाजी मंदिर से निकलते वक्त मीडिया ने राम चरण और उपासना को घेर लिया। यह देख राम चरण परेशान हो गए और उनसे रिकॉर्ड न करने की अपील की। सोशल मीडिया पर राम चरण और उपासना की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल के साथ फिर काम कर खुश हैं सुनील

मुंबई। कपिल शर्मा टेलीविजन के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर छाने के लिए तैयार हैं। जल्द ही कपिल को नेटफ्लिक्स पर अपने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ देखा जाने वाला है। इस शो को लेकर लंबे वक्त से कॉमेडियन चर्चा में हैं। 2017 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के बीच झड़प हुई थी। एक फ्लाइट में दोनों के बीच लड़ाई के बाद दोनों अलग हो गए थे। अब शो के एक प्रेस मीट के दौरान कपिल और सुनील ने एक दूसरे से चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी लड़ाई एक 'पब्लिसिटी स्टंट' थी। इस इवेंट में सुनील ग्रोवर ने कपिल शर्मा और शो की टीम के साथ दोबारा काम करने पर बात की। वो बोले, इस शो का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। इवेंट में जब कपिल शर्मा ने उनकी फ्लाइट में हुई लड़ाई को लेकर बात की, तो सुनील ने कहा कि ये उनका और कपिल का नाटक था, जो वो तब से इस नए शो को प्रमोट करने के लिए कर रहे हैं। सुनील बोले, 'उस टाइम पर नेटफ्लिक्स इंडिया में नया आया था तो हमको लगा कि टेलीविजन की ऑडियंस को बांध के रखने के लिए कुछ करना पड़ेगा।

# तारक मेहता... की मिसेस सोढ़ी ने जीता सेक्शुअल हैरेसमेंट केस

मुंबई। टीवी इंडस्ट्री से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बीते साल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की मिसेस सोढ़ी उर्फ जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी के खिलाफ कोर्ट में सेक्शुअल हैरेसमेंट



का केस डाला था। एक साल बाद इसपर वर्डिक्ट आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर, असित के खिलाफ केस जीत चुकी हैं। जेनिफर ने केस जीतने पर कहा- केस पर फैसला आए 40 दिन बीत चुके हैं। मुझे अबतक प्रोडक्शन हाउस वालों ने पैसा नहीं दिया है। मैंने इतने महीनों मेहनत की, सीरियल में काम किया, लेकिन मेरी मेहनत का पैसा अबतक मेरे हाथ नहीं आया है। तीनों में से किसी को भी अबतक कोई सजा नहीं दी गई है। मैंने तीनों के खिलाफ केस किया था, पर सोहेल और जतिन, दोनों ही वर्डिक्ट में शामिल नहीं थे। मैं खुश नहीं हूं। उन्होंने ये साबित कर दिया कि असित कुमार मोदी सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में दोषी हैं।

# मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी की जूलरी भी दे डाली



**मुंबई।** 30 मार्च से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' शुरू होने जा रहा है। शो में बतौर गेस्ट रणबीर कपूर, नीतू कपर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कपूर फैमिली मजेदार बातें करते हुए नजर आने वाली है और रणबीर गर्लफ्रेंड्स से जुड़े खुलासे करने वाले हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड के सामने आए प्रोमो में देखा जा सकता है कि रणबीर कपूर कई खुलासे करते हैं। एक्टर ने इस शो में रिवील किया कि वो अपनी मां की जूलरी अपनी गर्लफ्रेंड्स को दे दिया करते थे। अब ये बात उन्होंने बताई कैसे चलिए वो भी बताते हैं। दरअसल, कपिल शर्मा पूछते हैं कि रणबीर ने रिद्धिमा के कपड़े अपनी गर्लफ्रेंड्स को गिफ्ट किए हैं? इस पर एक्टर ने झटपट जवाब दिया, 'मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी के गहने भी दे डाले हैं।' इसे सुनते ही पास बैठीं नीतू कपूर शॉक रह जाती हैं और जोर-जोर से हंसने लगती हैं।

# विन डीजल ने दिखाई दीपिका की अनदेखी तस्वीर



**लॉस एंजिलिस।** विन डीजल ने मंगलवार शाम को अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया जब उन्होंने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस समय की है जब वह साल 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म '**XXX**: रिटर्न टू जेंडर केज' का प्रचार कर रहे थे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीडिंग लेडी थीं और ऐसे में दोनों ने जमकर अपनी फिल्म की प्रमोशन्स की थी। अब ये अनदेखी तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस दौरान भी दोनों की कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। विन डीजल ने अपने इस पोस्ट में एक भाई-बहन की कहानी का भी जिक्र किया, जो कारुसो ने उन्हें भेजी थी। सामने आई तस्वीर में विन डीजल एक ऑटो के बगल में खड़े होकर दीपिका को बड़े ही प्यार से ब्लेजर पहना रहे हैं। एक्टर और दीपिका के बीच सामंजस साफ देखने को मिल रहा है।

# कमबैक वाले कमेंट पर हनी सिंह ने दिया जवाब

**मुंबई।** रैपर बादशाह और रैपर यो यो हनी सिंह के बीच का कोल्ड वॉर खत्म नहीं हुआ है, दोनों अक्सर एक दूसरे को लेकर कमेंट करते नजर आते रहते हैं। हाल ही में बादशाह ने हनी सिंह के कमबैक न होने पर कमेंट किया था अब हनी सिंह ने उसका जवाब दे दिया है। हाल ही में बादशाह के कॉन्सर्ट में कुछ हनी सिंह के फैन पहुंचे थे और कॉन्सर्ट के दौरान यो यो हनी सिंह चिल्लाने लगे। जिसके बाद बादशाह ने कहा- अरे तुम लोग भी आए हो। एक



कागज और पेन देना, कुछ गाने लिख देता हूं, तुम्हारे पापा का कमबैक हो जाएगा। अब बादशाह के इस कमेंट पर हनी सिंह ने जवाब दिया है। हनी सिंह ने एक होली पार्टी में परफॉर्म किया। इस दौरान उनके फैंस ने उनसे बादशाह को रिप्लाई देने को कहा। जिसके बाद हनी सिंह ने कहा, मुझे सब बोलते हैं जवाब दो रिप्लाई दो, मैं क्या रिप्लाई दूं। तुम लोगों ने पहले ही सारे कमेंट्स का अच्छे से रिप्लाई दे रखा है, मुझे मुंह खोलने की जरूरत ही नहीं है। हनी सिंह क्रेजी है और उसके फैंस भी क्रेजी हैं।

## नसीरुद्दीन शाह को साथ में मिली सच्ची मोहब्बत

# थिएटर से शुरुआत करने के बाद संवर गई एक्टर्स की जिंदगी

**मुंबई।** 27 मार्च का दिन वर्ल्ड थिएटर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन थिएटर और स्टेज के सभी रूपों और अभिनेताओं को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। बॉलीवुड में हमारे कई ऐसे एक्टर्स हैं जो आज सुपरस्टार बन चुके हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। जिनमें शाहरुख खान, मनोज बाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीरुद्दीन शाह समेत कई नाम शामिल हैं।

### अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1978 में, खेर ने नई दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से ग्रेजुएशन की थी। वह अब अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं।



### नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक

नसीरुद्दीन शाह और रतना पाठक दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स हैं। दोनों पति पत्नी भी हैं। इन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। दोनों ने एक साथ नाटक का हिस्सा थे। जहां वह एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। नसीर और रतना दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और थिएटर से इन्हें नाम और काम के साथ-साथ प्यार भी मिला।

### शबाना आजमी

शबाना आजमी ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। वह अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं और उन्हें 5 बार बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही उन्हें कुछ फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### परेश रावल

परेश रावल आज अभिनेता के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव हैं। उनके रोल और कॉमिक टाइमिंग के साथ बॉलीवुड में उन्हें आज भी कोई टक्कर नहीं दे सकता। परेश रावल ने भी अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी।

### राजकुमार राव

'शादी में जरूर आना' के सत्तू से 'स्त्री' के बिक्की तक के किरदार में जान फूंक देने वाले राजकुमार राव फिल्मों में आने से पहले थिएटर करते थे।

### मनोज बाजपेयी

फैमिली मैन मनोज बाजपेयी भी थिएटर कर चुके हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग की शुरुआत थिएटर से की थी। हालांकि बाद में वह टीवी, बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर भी अपने अभिनय का कमाल दिखा रहे हैं।



### सतीश कौशिक

सतीश कौशिक भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन आज भी उनका काम सराहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। सतीश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्टूडेंट थे और इस जगह से उन्हें केवल नाम नहीं, बल्कि कई बेहतरीन दोस्त भी मिले थे।

### इरफान खान

इरफान खान का नाम हिंदी सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार है। उन्होंने रविन्द्र मंच से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही वह अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने लोगों के मन में जो छाप छोड़ी है वो अमिट है।





### राधिका आप्टे

राधिका आप्टे को उनकी हटके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह थिएटर कर चुकी हैं। ये ही कारण है कि वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ सारंगढ़ ने ली बैठक

**सारंगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही ने समस्त सेक्टर प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्वाचन अवधि और मतदान दिवस के लिए आवश्यक तैयारी, डॉक्टर और सहयोगी टीम ड्यूटी, दवाई व्यवस्था और आचार संहिता में स्वास्थ्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए चर्चा किया गया और रणनीति तैयार किया गया। इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर सिदार, डीपीएम एन एल इजरदार, डॉ रितेश सेन, ओमप्रकाश कुर्रे, चंद्रकुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

### लोकसभा मतदान के लिए सामूहिक शपथ

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के कार्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सभी कार्यालय के प्रभारी अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मतदान के लिए शपथ सामूहिक रूप लिया जा रहा है। जिन कार्यालय में सामूहिक मतदान शपथ लिया गया, उनमें नगरपालिका परिषद सारंगढ़, लोक साहित्य यांत्रिकी कार्यालय सारंगढ़, नगर पंचायत सरसीवां और बिलाईगढ़, लोक निर्माण विभाग बिलाईगढ़ शामिल है। शपथ के दौरान एसडीओ पीएचई कमल कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी पी सी कुर्रे, नगरपालिका सारंगढ़ के लिपिक रोशन यादव आदि उपस्थित थे।

### द्वि साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन विस्तार

**रायगढ़।** रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग हटिया दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया दुर्ग हटिया द्वि साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 मार्च तक किया जा रहा है द्य यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 28 जून तक किया जा रहा है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 03 अप्रैल से 28 जून तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08185 हटिया दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 02 अप्रैल से 27 जून तक चलेगी।

### छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना कोतवाली में स्थानीय महिला द्वारा राजेंद्र यादव और निमेंद्र खूंटे के विरुद्ध मोहल्ले की महिलाओं से छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि 26 मार्च के रात्रि होली पर्व पर मोहल्ले की महिलाएं बजा बजाकर नाच गाना कर रहे थे उसी समय राजेंद्र यादव और निमेंद्र खूंटे जबरदस्ती महिलाओं के बीच नाचने के लिए घुस गए जिन्हें मना करने पर दोनों नहीं माने और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, छेड़खानी कर हाथापाई पर उतारू हो गए। रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर आरोपित- राजेंद्र यादव उम्र 21 साल तथा निमेन्द्र खूंटे उम्र 28 साल के विरूद्ध मारपीट, छेड़खानी की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध क्रमांक 188/2024 कायम कर तत्काल कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## डा. मेनका देवी को कांग्रेस ने बनाया रायगढ़ लोकसभा से प्रत्याशी

# तीन दशक बाद सारंगढ़ राजपरिवार से मेनका की लोकसभा की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक दौर में निरंतर देश की महापंचायत यानि लोकसभा में रायगढ़ का दमदार प्रतिनिधित्व करने वाले सारंगढ़ राजपरिवार का तीन दशक पुराना राजनैतिक वनवास खत्म हो गया और करीब 33 साल बाद एक बार फिर कांग्रेस ने रायगढ़ लोकसभा से श्रीमती मेनका देवी सिंह को चुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस से रायगढ़ व सारंगढ़ राजपरिवार दोनों ने दावेदारी पेश की थी लेकिन पार्टी ने श्रीमती मेनका देवी पर भरोसा जताया।



इस आरक्षित सीट पर मेनका सिंह का मुकाबला बीजेपी के राधेश्याम राठिया से है। यह भी एक दिलचस्प संयोग है कि दशकों बाद दोनो दलों के प्रत्याशी जशपुर से ना होकर रायगढ़ जिले से घोषित किए गए हैं। गौरतलब है कि रायगढ़ समेत छग की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा ने दो माह पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिए थे जबकि कांग्रेस में उम्मीदवारी का पेंच फंसा हुआ था। करीब पखवाड़े भर पहले कांग्रेस ने छग की 11 ये से 5 सीटों पर दावेदार घोषित किये थे किंतु रायगढ़ समेत अन्य सीटों पर दावेदारों के दम खम का मंथन जारी था जिससे संगठन और कार्यकर्ता दोनों के मनोबल पर असर नजर आने लगा था। बीते मंगलवार शाम जैसे ही कांग्रेस ने बाकी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया रायगढ़ और सारंगढ़ के कांग्रेसी खेमे में जश्न का माहौल नजर आने लगा। कुनबो और खेमो में बंटी कांग्रेस ने रायगढ़ से लेकर सारंगढ़ और जशपुर तक एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने और जीत हासिल करने का संकल्प लेते हुए मेनका सिंह के पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी शुरु कर दी है।



# निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों को कलेक्टर की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिले के बिलाईगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में चल रहे। अधिकारियो कर्मचारियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस प्रशिक्षण में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री साहू ने सुबह सबसे पहले बरमकेला अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बार में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने निर्वाचन प्रशिक्षण से जुड़े सभी कक्षा में जाकर निरीक्षण करते हुए शिक्षक और मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध में वार्तालाप किया। मास्टर ट्रेनर से कलेक्टर ने निर्वाचन प्रशिक्षण के एक-एक चीजों के बारे में पूछा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें। बरमकेला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार के प्रशिक्षण में कुल दोनों पाली मिलाकर लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 4 कैमरा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आचरण संहिता से लेकर वोटिंग के नियमों को प्रशिक्षण में भी मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी बतायी जा रही है। ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक जानकारिया नोट भी कराया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफाफा में सुरक्षित रखनेए मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# दुर्घटना में एक की मौके पर मौत

**रायगढ़।** मंगलवार की शाम तेज रफ्तार बाईक खंबे में टकरा जाने की घटना में बाईक सवार एक नाबालिग की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार हेतु अस्पता में भर्ती कराया गया है। मामला रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में अशोक कुमार चैहान पिता कमल चैहान उम्र 35 वर्ष निवासी रूडूकेला थाना लैलूंगा ने बताया कि मंगलवार की शाम झुनकु राम मुण्डा का लडका राजनंद मुण्डा ने उसे बताया कि उसका लडका मृतक हेमन्त चैहान उम्र 14 वर्ष अपने दोस्त प्रिंस चैहान व राजनंद मुण्डा के साथ राजनंद मुण्डा के पिता झुनकु राम मुण्डा के मोटर सायकल से दोपहर लगभग 02 बजे घुमने निकले थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान मोटर सायकल को हेमन्त चौहान चला रहा था इसी बीच शाम करीब 3 बजे तेज वाहन चलाते हुए हेमंत ने कुंजारा केशला चैक के पास रोड किनारे लगे खम्भे में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे हेमन्त चैहान के सिर में चोंट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# अवैध कब्जे की बढ़ी शिकायतें तो हरकत में आया विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में बढ़ती जमीन की कीमतें भूमाफियों की नजर में ऐसे चढ़ गई हैं कि शहर की सरकारी व नजूल भूमि के अलावा शहरी सीमा के ग्रामीण अंचल तक भूमाफिया अवैध अतिक्रमण कर जमीनों की खरीद बिक्री में बेखौफ संलग्न है। ऐसे ही एक अवैध अतिक्रमण के मामले में शिकायत के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जगतपुर क्षेत्र में दर्जनों अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर में तेजी से विकसित हो रहे रामपुर क्षेत्र में भू.माफियाओं द्वारा करोड़ों की सरकारी भूमि और निजी जमीनों पर बल व छलपूर्वक कब्जा किया जा रहा है। खाली जमीन एवं नजूल भूमि की जानकारी वे सरकारी स्तर हासिल करते हैं फिर उसे अपना बताकर बेचते हैं और क्रेता के साथ-साथ जिला प्रशासन और सरकार की आँखों में धूल झोंक रहे हैं। इन दिनों रामपुर शराब भट्टी के पासए एक नजूल और वन भूमि के खाली जमीन को भू.माफियाओं द्वारा प्रति वर्गफीट की दर पर बेचा जा रहा है, इसके परिणामस्वरूप निगम द्वारा बनाए गए मकान अब खंडहर में बदल रहे हैं जिसे अब कोई लेना नहीं चाहता। क्रेताओं को भू.माफियाओं द्वारा इस बात का भी दावा किया जा रहा है कि कुछ दिनों में इन जमीनों पर बने मकानों के पट्टे सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। बता दें कांग्रेस की सरकार के समय में रायगढ़ में भू.माफियाओं का खेल चरम पर थाए और उस समय विपक्षी भाजपा नेताओं ने अवैध कब्जा का जमकर विरोध किया था। हालांकिए अब भी जब भाजपा की सरकार हैए तो भी भू.माफिया बेखौफ होकर सरकारी जमीनों और खाली नजूल प्लाट पर कब्जा कर रहे हैं। इसके बावजूदए अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई हैए जो समझ से परे है। बड़ी बात यह है कि भू.माफियाओं द्वारा चूना लगाने के खेल में कुछ सरकारी अधिकारियों के साथ.साथ शहर के कुछ बड़े नेता भी शामिल हैं जिसके कारण भू.माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। शहर में चर्चा का विषय है कि जीरो भ्रष्टाचार की नीति पर काम करने वाली भाजपा शासन में भी भू.माफियाओं के हौसले पस्त पढ़ने के बजाए उल्टा बुलंद हैं जो समझ से परे है। इन भू.माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है।

जिला प्रशासन और मौजूदा सरकार को इन करोड़ों की रिक्त भूमि को सुरक्षित रखने के साथ.साथ भू.माफियाओं की प्रतिबंधित करने और उन पर कठोर कार्रवाई करने की कवायद करनी चाहिए ताकि सरकार को करोड़ों.अरबों के घाटे से बचाया जा सके और सरकारी भूमि को सुरक्षित रखा जा सके।

# कुछ महिलाओं के खाते में अभी तक नहीं पहुंची महतारी वंदन की राशि

**रायगढ़।** महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त बीते 10 मार्च को जारी की गई, किंतु अब भी कुछ महिलाओं के खाते में यह राशि नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में एक ओर जहां विभाग इस संबंध में तकनीकी खामियों को दुरूस्त करने में लगा है, वहीं दूसरी ओर शासन से उन्हें ऐसी महिलाओं का चिंहाकन करने के निर्देश मिले हैं, जिनके खाते में अब तक राशि नहीं पहुंची है। गौरतलब है कि राज्य की भाजपा सरकार ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने आदि उद्देश्यों के साथ महतारी वंदन योजना को 10 मार्च को लागू की गई, इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 1 हजार रूपए सहायता राशि के रूप प्रदान भी किया गया। किंतु अब तक कई हितग्राहियों के खाते में इसकी पहली किश्त नहीं पहुंच सकी है। अहम बात यह है कि विभाग को इस बात की जानकारी मिली है। हालांकि इसके कई तरह के कारण हैं, जिसमें बैंक खाते का आधार शिडिंग नहीं होना और अन्य दस्तावेजों की कमी मुख्य वजह है। जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास की एक विभागीय बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई और उच्चाधिकारियों को भी इससे अवगत कराया गया। मुख्य बात यह है कि इस योजना के तहत ऐसे में हितग्राहियों का चिन्हाकन किया जाएगा।

- तकनीकी खामी सुधारने में लगा विभाग, ऐसे हितग्राहियों का चिंहाकन करने के निर्देश

### छूटी महिलाओं को फिर मिलेगा मौका

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिनों भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा था कि महतारी वंदन योजना के तहत 20 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे, लेकिन अभी भी कई महिलाओं ने आवेदन नहीं किया है। ऐसी स्थिति में पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इससे जो विवाहित महिलाएं अभी तक इस योजना के लिए अवेदन नहीं कर पाएं हैं, वे आवेदन कर सकेंगी।

### होगी कार्रवाई

महतारी वंदन योजना को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें कई अहम चर्चा हुई। बैंक वार जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि हितग्राहियों की बैंकवार जानकारी स्पष्ट हो सके। पुन: आवेदन आमंत्रण को लेकर आदेश आने वाले कार्रवाई की जाएगी।

**एलआर कच्छप**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी



# मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**रायगढ़।** सारंगढ बिलाईगढ़ अंतर्गत जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम कोतरा के ग्रामीणों ने मैदान के समतलीकरण और अन्य कार्यों में सरपंच, सचिव द्वारा फर्जी तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए इन कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

दरअसल ग्राम पंचायत कोतरा जनपद पंचायत बरमकेला के ग्रामीणों ने 2022-23 अंतर्गत मनरेगा के तहत गांव के मैदान के समतलीकरण और अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके ग्राम कोतरा में कुल चार खेल मैदान है जिनमे से एक भी मैदान में समतलीकरण का कार्य नहीं किया गया हैएबल्कि इन कार्यों को केवल कागज़ों में फर्जी तरीके से पूरा कर राशि का अहरण किया गया हैएजो ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। लिहाज़ा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी बरमकेला, कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को आवेदन भी सौंपा, साथ ही जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है, आवेदन देने के बाद भी इस मामले में किसी प्रकार की जांच नहीं की जा रही है।

# पूंजीपथरा-तमनार सड़क निर्माण को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक

**तमनार।** अनुविभाग घरघोड़ा के तहसील तमनार अंतर्गत पूंजीपथरा तमनार मिलुपारा मार्ग 26 किमी के यातायात को परिवर्तित मार्ग में आवागमन हेतु एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों शासन प्रशासन एवं औद्योगिक प्रबंधन प्रतिनिधियो की आवश्यक बैठक 23 मार्च को सुमता सभा कक्ष जनपद तमनार में में रखा गया। पूंजीपथरा तमनार मिलुपारा मार्ग में सड़क निर्माण, आवागमन में परेशानी, यातायात को परिवर्तित मार्ग में आवागमन हेतु चर्चा परिचर्चा की गई।



बैठक पश्चात एसडीएम सीएसपी प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने सलिहाभांठा, शराब भट्टी जेपीएल गेट न 5 गोढ़ी, आमाघाट, पूंजीपथरा चौक का निरीक्षण किया गया।

जनपद तमनार में 23 मार्च को एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर की अध्यक्षता में सीएसपी अविनाश उपाध्याय, तहसीलदार व थाना प्रभारी तमनार घरघोड़ा, एसडीओ पीडब्लूडी विधायक विद्यावती सिदार, पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया सहित डीडीसी बीडीसी सरपंचगण, ट्रेलर यूनियन, व्यापारी संघ एवं स्थानीय उद्योग प्रबंधन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

गोढ़ी शराब भट्टी जेपीएल गेट न 5 अपूर्ण सड़क को होली पर्व के बाद तत्काल बनाने का निर्णय सभी उद्योग प्रबंधन को कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन हेतु पार्किंग यार्ड बनाने 3 अप्रेल तक समयसीमा तय की गई। सड़को पर वाहन खड़ी न करने, तेज रफ्तार, ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। अगले 15 दिन में सड़क निर्माण प्रगति की समीक्षा बैठक रखने निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री सड़क तमनार घरघोड़ा एवं कुंजेमुरा सड़क में भारी वाहन कोयला परिवहन हेतु जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों द्वारा नही चलाये जाने आग्रह किया गया।

### महिलाओं ने नशामुक्त गांव की छेड़ी मुहिम

**रायगढ़।** पूर्वांचल गांव गांव में शराब गांजा का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसके गिरफ्त में आकर गांव के ग्रामीण नशे की लत में लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। उनके घर की आर्थिक स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। गांव का माहौल लगातार खराब होने से परेशान विकासखण्ड रायगढ़ पूर्वांचल के ग्राम पंचायत छुहिपाली की महिलाओं ने मंगलवार को गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए कमर कस लिया है। ग्राम पंचायत छुहिपाली गांव में नशा मुक्ति समिति गठित की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गांव में जो भी महिलाएं शराब, गांजा बिक्री करने वाले को रंगे हाथों पकड़ेंगी। ऐसी साहसी महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव में रैली भी निकाली गई।

# पालीघाट डबल मर्डरकांड का फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पिछले साल मार्च 2023 को रायगढ़-उड़ीसा मार्ग थाना तमनार क्षेत्र के पालीघाट सेल्फी प्वाइंट के पास दो ट्रक ड्राइवर प्रवीण ओझा और पवन उपाध्याय निवासी उत्तर प्रदेश का शव मिला था। मामले की तफ्तीश करते हुए 48 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर केस का सुलझाते हुए रायगढ़ पुलिस ने खुलासा में बताया कि दोनों ट्रेलर ड्राइवरों के ट्रेलर लूटपाट की सुनियोजित प्लानिंग कर हत्या के बाद शवों को पालीघाट सेल्फी पॉइंट पर डम्प किया गया था।

मामले में 08 आरोपी- मनोज साहू, अजय साव, आकाश कहरा, जुनैल खान, राकेश खूंटे, अजय यादव, नंदु लहरे और जयनंद साहू की संलिप्तता थी जिसमें रायगढ़ पुलिस की टीम द्वारा 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी जुनैल खान ने आरोपी नंदु लहरे निवासी बरतुंगा, डभरा और जयनंद साहू निवासी खुर्सीपाली खरसिया से मिलकर गाड़ी को कटवाने की व्यवस्था करवाया था। मामले में नंदू लहरे और जयनंद साहू फरार थे जिनके विरुद्ध धारा 299 सीआरपीसी के तहत चालान पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों का स्थायी वारंट जारी किया गया है।



पुलिस की लगातार दबिश पर आरोपी जयनंद साहू, रायगढ़ जिले से फरार होकर पंजाब, दिल्ली में छिपकर रह रहा था। फरार आरोपी के होली में गांव आने की संभावना पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद रहटगांवकर मुखबीर लगाकर रखे हुये थे जिस पर आरोपी जयनंद साहू जो थाने का हिस्ट्रीशीटर है के गांव में आने की सूचना मिली। 24 मार्च को खरसिया पुलिस थाने के प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में आरोपी जयनंद साहू को पुलिस ने धर दबोचा और हत्या मामले में घरघोड़ा न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। फरार आरोपी नंदू लहरे की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

## पुलिस ने जब्त की लग्जरी कारें, आरोपी शिवा के पिता को लाई थाने

# ठगबाज ने पिस्तौल से धमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



होली पर्व के दिन रायकोना निवासी शिवा साहू द्वारा पैसा डबल करने के हाईप्रोफाइल मामले ने नया मोड़ ले लिया है। जहाँ करोड़ो रुपयों के धोखाधड़ी मामले में एफआईआर होने के बाद भी शिवा और साथियों को पुलिस पकड़ने अब तक निःशक्त नजर आ रही है।

वही प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले कुछ दिनों से शिवा के खुलेआम घूमने और अपने गृह ग्राम रायकोना में अपने निवास में ही रहने की चर्चा जोरों पर थी जहाँ पुलिस प्रशासन शिवा को पकड़ने में असक्षम नज़र आई वहीं प्रशासन के ढील के चलते शिवा अपनी अग्रिम बेल कराने के जद्दोजहद में लगा हुआ था जहाँ सारंगढ न्यायालय में उसने अग्रिम जमानत की अपील की है जिसकी सुनवाई जल्द होगी और यदि जमानत खारिज होती है तो इसके पश्चात उच्च न्यायालय से जमानत की जुगाड़ में लगा हुआ है। इसी बीच बड़ी खबर छन कर सामने आई है कि शिवा साहू एवं उसके गुर्गो ने गांव के ही मनीष साहू को काले रंग की रिवाल्वर दिखाकर जान से मार देने की धमकी दी जिससे जैसे तैसे प्रार्थी मनीष साहू अपनी जान बचाकर थाना सरसींवा पहुचकर इस बात की शिकायत की जहाँ पुलिस विभाग हरकत में आई और टीम तैयार कर रायकोना गांव पहुंची जहां से शिवा साहू एवं साथी भाग चुके थे या यूं कहें किसी मुखबिर द्वारा भगा देने का भी अंदेशा है। टीम ने मौके पर पहुंच कर शिवा साहू के अलग अलग नाम पर ली हुई लग्जरी गाड़ियां कार एवं मोटरसाइकिल और ट्रेक्टर एवं पिकप को जब्त कर थाने ले आई। वही खबर यह भी है कि शिवा के पिता को पूछताछ के लिए एवं एक आरोपी को पुलिस थाने ले जाया गया है पर पुलिस प्रशासन ने अब तक इस मामले में पुष्टि नही की है। जिससे इस हाईप्रोफाइल मामले में आम जनता के बीच पुलिस विभाग की भूमिका अब तक संदिग्ध ही नज़र आ रही है।

